7. The term of reference pertains to legality of termination of services of Ist party workman. The claim for regularization of workman in service is not included in the terms of reference. As per pleadings in statement of claim, workman had worked for 67 days in 1982, 163 days in 1983, 59 days in 1993. 2nd party has contented that workman was not appointed against permanent vacant post. He was engaged as casual temporary employee during leave period of permanent staff.

8. Workman has produced documents Exhibit W-2 working days of Ist party workman are shown as claimed by Ist party workman Exhibit W-1 produced by workman is circular dated 20-9-93 pertaining to the absorption of temporary employees as term of reference doesnot pertain to absorption of temporary employees as term of reference doesnot pertain to the claim for regularization of workman. Said document is not relevant for deciding claim pertaining to legality of termination of his services.

9. Affidavit of evidence is filed by workman claiming that he worked for 67 days in 1982, 103 days in 1983 & 59 days in 1993. In his cross-examination, workman denies that there is practice in the Bank not to allow working more than 60 days. He denies that he not worked for 103 days in 1993. He denies that he was not called for work in 1993. He denies that as per circular dated 20-9-93, he not submitted any application as he was not fulfilling eligibility for absorption. He was not called for interview. As term of reference doesnot include claim for regularization of service by workman, evidence of the workman discussed above has no relevance to the legality of termination of his service.

10. Workman died during pendency of reference, his widow Hemlata Maratha filed affidavit of her evidence. In her cross-examination, she says that she has little knowledge about working of her husband in the Bank. Her husband has left her with 3 daughters after his death. Her evidence has no relevance to the termination of workman.

11. Evidence of management's witness Manoharlal is on the point that workman was engaged as casual temporary employee. That workman had not worked for 67 days in 1982, 103 days in 1983, 59 days in 1993. The cross-examination of management's witness shows that he was not posted in Bajaj Khana, Ratlam during 1982 to 1983, 1993 claiming ignorance about certificate dated 20-9-93 Exhibit W-1. On his submission, Exhibit W-1, W-2 were admitted in evidence. The workman was not paid retrenchment compensation as he was not regular employee of the Bank. He claims ignorance whether after interview in 1993, Shri Rajesh and Narayan were absorbed in service of the Bank.

12. As discussed above, the claim for regularization of workman is not included in term of reference. The legality of termination has been referred in the term of reference. The evidence on record is clear that workman had not worked for more than 240 days during any of the year therefore protection of Section 25-F of ID Act is not available to the workman. There is no question of regularization of service of Ist party workman as per the circular dated 20-9-93 as same point is not included in the terms of reference. For above reasons, I hold that termination of workman in violation of Section 25-F of ID Act is not established.

13. In the result, award is passed as under:

(1) The termination of service of Ist party workman by management is not established.

(2) Workman or his LR is not entitled to any relief.

R. B. PATLE, Presiding Officer

नई दिल्ली, 23 मार्च, 2016

का.आ. 593.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार एमएनआईटी के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण/श्रम

न्यायालय, जयपुर के पंचाट (संदर्भ सं. 47/2006) को प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को 23/03/2016 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-42012/78/2005-आईआर (सीएम-II)]

राजेन्द्र सिंह, अनुभाग अधिकारी

New Delhi, the 23rd March, 2016

S.O. 593.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the Award (Ref. No. 47/2006) of the Central Government Industrial Tribunal-cum-Labour Court, Jaipur as shown in the Annexure in the Industrial Dispute between the management of Malviya National Institute of Technology and their workmen, received by the Central Government on 23/03/2016.

[No. L-42012/78/2005-IR (CM-II)]

RAJENDER SINGH, Section Officer

अनुबंध

केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, जयपुर

सी.जी.आई.टी. प्रकरण सं. 47/2006

भरत पाण्डेय, पीठासीन अधिकारी

रेफरेन्स नं. L-42012/78/2005–IR (CM-II) दिनांक 28/04/2006

Shri Ramesh Saini S/o. Shri Bhorilal Saini,
Plot No. 48, Mansinghpura,
Hari Marg, Tonk Road,
Distt.- Jaipur (Rajasthan)

v/s

1. The Director,
Malviya National Institute of Technology,
Jawaharlal Nehru Marg,
Malviya Nagar,
Jaipur (Rajasthan)

प्रार्थी की तरफ से : श्री कमलेश शर्मा – प्रतिनिधि

अप्रार्थी की तरफ से : श्री लक्ष्मण सिंह कच्छावा – एडवोकेट

: पंचाट :

दिनांक : 29.01.2016

1. केन्द्रीय सरकार द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 की धारा 10 उप–धारा 1 खण्ड (घ) के अन्तर्गत दिनांक 28.04.2006 के आदेश से प्रेषित विवाद के आधार पर यह प्रकरण न्यायनिर्णयन हेतु संस्थित है। केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रेषित विवाद निम्नवत् है :–

2. "Whether the action of the management of Malaviya National Institute of Technology, Jaipur in terminating Sh. Ramesh Saini, S/o Sh. Bhorilal Saini, Lab Attendant w.e.f. 29. 11. 2003 from services is legal and justified? If not, to what relief the workman is entitled to and from which date?"

3. स्टेटमेन्ट ऑफ क्लेम के अनुसार संक्षिप्ततः प्रार्थी श्रमिक का कथन है कि उसकी नियुक्ति विपक्षी संस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर अस्थायी तौर पर दिनांक 1.6.95 के आदेश से दिनांक 1.6.95 को हुई थी। दिनांक 21.2.95 तक प्रारम्भिक तौर पर प्रार्थी प्रोजेक्ट इम्पेक्ट पर लगाया गया था लेकिन उसकी सेवायें तथा वेतन समय–समय पर बढ़ाया गया। "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" समाप्त हो गया परन्तु उसके बाद भी विपक्षीगण दिनांक 28.11.2003 तक प्रार्थी से कार्य लेते रहे, इससे जाहिर है कि विपक्ष को प्रार्थी की सेवाओं की आवश्यकता थी लेकिन औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 में प्रदत्त अधिकारों से वन्चित रखने के लिए प्रारम्भ में प्रार्थी को प्रोजेक्ट पर दिखाया गया लेकिन वास्तव में कार्य मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिक संस्थान, जयपुर में लिया गया।

4. विपक्षीगण और श्रमिक ने सीधा मालिक और श्रमिक का सम्बन्ध था। सन् 2003 में विपक्षी ने अस्थायी श्रमिकों की सेवायें एक बिचौलिये कान्ट्रेक्टर के माध्यम से दर्शायी जबकि वास्तव में प्रार्थी श्रमिक और विपक्षी संख्या 3 के बीच कोई मालिकाना सम्बन्ध नहीं रहा और प्रार्थी श्रमिक विपक्षी संख्या 1 के संस्थान में लेब अटेण्डेट के रूप में कार्य करता रहा।

5. आगे प्रस्तर 3 में कथन है कि पूर्व में राजस्थान विधान सभा द्वारा पारित रफ़्तर एक्ट 1999 के प्राविधान 3.7 और 11 की वजह से नियमित नियुक्तियों पर प्रतिबन्ध था तथा अस्थायी श्रमिकों को नियमित करने के प्राविधाान भी बाधित थे इसलिये आश्वासन के बावजूद विपक्षी संख्या 1 ने प्रार्थी श्रमिक की सेवायें नियमित नहीं की जबकि प्रार्थी को लेब अटेण्डेट के पद पर कार्य करने का आठ साल का अनुभव प्राप्त हो चुका था।

6. प्रस्तर 4 में यह कथन है कि माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय की जोधपुर पीठ ने भवानी सिंह बनाम राज्य के मामले में रफ़्तर एक्ट के प्राविधानों को असंवेधानिक घोषित कर दिया। उसके बाद प्रार्थी श्रमिक ने विपक्षी एक के रजिस्टार से निवेदन किया कि प्रार्थी को विपक्षी के यहां कार्य करते हुए आठ साल हो गया हैं अतः उसे नियमित किया जाए। आगे याची का कथन है कि प्रार्थी को नियमित करने के बजाय बिना कोई कारण बतायें निर्देशक ने मौखिक आदेश दिनांक 29.12.2003 के द्वारा सेवा से यह कहकर निकाल दिया की आपकी सेवाओं की आवश्यकता नहीं है।

7. प्रस्तर 5 के कथन के अनुसार विपक्षी के यहां लेब अटेण्डेट के 26 पद स्वीकृत हैं जहाँ निरन्तर कार्य सम्पादन की आवश्यकता है और इसी कारण सन् 1995 से 29.11.2003 तक प्रार्थी को विपक्षी ने सेवा में बनाये रखा था। विपक्ष द्वारा की गयी सेवामुक्ति औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 2 (आर.ए.) सपठित धारा 25 टी एवं शिड्यूल 5 के पद संख्या 10 का उल्लंघन है। सेवामुक्ति के पूर्व विपक्ष द्वारा प्रार्थी को न कोई नोटिस दी गयी और न ही नोटिस के बदले वेतन का भुगतान किया गया और न ही छंटनी मुआवजा दिया गया। इस प्रकार प्रार्थी की सेवा समाप्ति 25–एफ के उल्लंघन में की गयी और प्रार्थी की सेवा समाप्ति से पूर्व कोई वरिष्ठता सूची नहीं प्रकाशित की गयी जो

औद्योगिक विवाद नियमावली 1957 के नियम 77 का उल्लंघन है। विपक्षी का संस्थान उद्योग की परिभाषा से आच्छादित है तथा प्रार्थी की सेवामुक्ति धारा 2 (ओ.ओ.) में वर्णित छंटनी की परिभाषा से आच्छादित है, अतः प्रार्थी की सेवामुक्ति को अवैध घोषित किया जाय और समस्त लाभ सहित प्रार्थी को सेवा मे पुनर्स्थापित करने का आदेश पारित किया जाय।

8. याचिका के प्रस्तर 9 में प्रार्थी ने यह उल्लेख किया है कि विपक्षी संख्या 1 के निर्देशन में डाक्टर एम.राय की कमेटी ने दिनांक 28.10.2003 और 30.10.2003 की मिटिंग में निर्णय लिया है जिससे विपक्षी के यहां कार्य की आवश्यकता जाहिर होती है जिसमें यह कहा गया है कि ठेकेदार सेवार्थी श्रमिक उपलब्ध कराने में असमर्थ है तो समाचार पत्र में नोटिस प्रकाशित करवाकर ठेकेदारी पर नियुक्तियां की जाय ताकि कार्य सम्पादन में अड़चन न आयें। प्रार्थी का कथन है कि उक्त परिस्थिति में उसकी सेवामुक्ति स्वतः ही अनुचित है तथा इससे विपक्ष की मनमानी कही जा सकती है।

9. विपक्ष की तरफ से प्रार्थी की याचिका के विरूद्ध जवाब में याचिका के प्रस्तर 1,2 और 3 में प्रस्तुत कथन के सम्बन्ध में कहा गया है कि कोई विवाद नहीं है। प्रस्तर 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11, 12, 13, 14 और 15 के कथन को अस्वीकार किया गया है। आगे यह कथन है कि प्रार्थी को विपक्षी संस्थान ने कभी भी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के अस्थायी पद पर कोई नियुक्ति नहीं दी और न ही नियुक्ति पत्र जारी किया। विपक्षी संस्थान ने प्रार्थी को कभी भी वेतन का भुगतान भी नहीं किया इसलिये प्रार्थी का यह कहना असत्य एवं मनगंढत है कि उसके वेतन से नियमानुसार कटौती की जाती थी।

10. उल्लेखनीय है कि याची पक्ष ने याचिका में किसी भी प्रस्तर में यह उल्लेख नहीं किया है कि उसे विपक्ष द्वारा वेतन का भुगतान किया जाता था और वेतन से नियमानुसार कटौती की जाती थी। यह भी उल्लेखनीय है कि वादोत्तर में याचिका के प्रस्तर 1 लगायत 15 के कथन को अस्वीकार/अविवादास्पद बताया गया है जबकि याची द्वारा याचिका में केवल 11 प्रस्तरों में अपना कथन समाप्त किया गया हैं। याची पक्ष द्वारा धारा 25 एच औद्योगिक विवाद अधिनियम के उल्लंघन का कोई मामला याचिका में नहीं उठाया गया है परन्तु वादोत्तर के प्रस्तर 9 में इस सम्बन्ध में जवाब नकारात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया है।

11. आगे वादोत्तर में यह कथन है कि प्रार्थी को विपक्षी संस्थान द्वारा कभी भी सेवा में नहीं लिया गया अतः उसे नियमित रूप से भुगतान करने का प्रश्न नहीं उत्पन्न होता है। प्रार्थी को नियुक्ति नहीं प्रदान की गयी इसलिये सेवामुक्ति का प्रश्न नहीं उठता हैं। प्रार्थी की सेवाओं का अप्रार्थी संस्थान से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं था अतः प्रार्थी को कोई नोटिस या मुआवजा दिये जाने का प्रश्न नहीं उठता एवं प्रार्थी के मामले में औद्योगिक विवाद नियमावली 1957 के नियम 77 व 78 के प्राविधान लागू नहीं होते है। प्रार्थी का यह कहना गलत है कि उसने कभी विपक्षी संस्थान में 240 दिन कार्य किया है। प्रार्थी का यह कहना भी गलत है कि उसके हटाये जाने के बाद किसी नये व्यक्ति को संस्थान में रखा गया।

12. आगे विपक्ष का कथन है कि विपक्षी संस्थान में यदि काम लिया गया है तो किसी ठेकेदार के माध्यम से लिया गया था और ऐसे व्यक्ति धारा 2 'एस' के अनुसार कर्मकार की परिभाषा में नहीं आते है। यह भी कहा गया है कि अप्रार्थी संस्थान के साथ प्रार्थी ने सीधे रूप में कभी सेवायें नहीं दी और उसने कभी पूरे 240 दिन काम नहीं किये अतः प्रार्थी किसी अनुतोष को पाने का हकदार नहीं है तथा याचिका निरस्त होने योग्य है।

13. प्रारम्भिक आपत्ति में विपक्ष ने कहा है कि प्रार्थी ने याचिका में इस तथ्य को छिपाया है कि वह संस्थान द्वारा सेवा में नहीं लिया गया था बल्कि ठेकेदार के माध्यम से कुछ समय के लिये कार्य पर लिया गया था। विपक्षी संस्थान को सामान्यतः यदि किन्हीं सेवाओं की आवश्यकता होती है तो ठेकेदार द्वारा टेण्डर के माध्यम से सेवाये ली जाती है। टेण्डर के नियम व शर्तें ठेकेदार को स्वीकार होने पर उचित एवं निर्धारित सुरक्षा राशि संस्थान में जमा करवाकर नॉन–ज्यूडिशियल स्टाम्प पत्र पर एग्रीमेन्ट करवाया जाता है तत्पश्चात् किसी व्यक्ति की सेवा ली जाती है। जब भी अप्रार्थी संस्थान का कार्य समाप्त हो जाता है तो उक्त ठेकेदार को भुगतान की जाने वाली राशि रोक ली जाती है और इस प्रकार ठेकेदार द्वारा उक्त व्यक्ति की सेवाएं समाप्त कर दी जाती है।

14. जवाबुलजवाब में विपक्ष के कथन को अस्वीकार कर यह कहा गया है कि उसकी नियुक्ति किसी ठेकेदार के माध्यम से नहीं हुई थी बल्कि उसकी नियुक्ति कोआर्डिनेटर ने कन्सोलिडेटेड 832/– रू. के हिसाब से 1.6.1995 के आदेश से की थी और सेवाओं का विस्तार समय–समय पर विपक्ष द्वारा बिना किसी अवरोध के किया गया। प्रार्थी का किसी भी प्रकार ठेकेदार से कोई सम्बन्ध नहीं था और न ही ठेकेदार प्रार्थी का नियोजक था। जवाबुलजवाब के शेष कथन में याचिका के कथन की पुनरावृत्ति की गयी है।

15. याचिका के समर्थन में प्रार्थी पक्ष की तरफ से प्रार्थी श्री रमेश सैनी की शपथ–पत्र साक्ष्य में प्रस्तुत की गयी है। साक्षी की प्रतिपरीक्षा विपक्ष द्वारा की गयी है। प्रलेखीय साक्ष्य के रूप में याची पक्ष की तरफ से फिहरिस्त से उपस्थिति पंजिका की फोटोप्रति तथा प्रार्थी को कार्य पर लिये जाने से सम्बन्धित आदेश 1.6.1995 की फोटाप्रति प्रदर्श डब्ल्यू –1 एवं सेवा विस्तार से सम्बन्धित अन्य आदेश की फोटोप्रतियां प्रस्तुत है।

16. विपक्ष की तरफ से श्री सवाई सिंह केयर टेकर एम.एन.आई.टी. जयपुर की शपथ–पत्र साक्ष्य में प्रस्तुत की गयी है जिसकी प्रतिपरीक्षा याची पक्ष द्वारा की गयी है। प्रलेखीय साक्ष्य के रूप में विपक्ष द्वारा ''इकरारनामा अनुबन्ध की शर्तें'' दिनांकित 10.8.98 तथा विभिन्न व्यक्तियों को चेक द्वारा भुगतान वाउचर की फोटोप्रतियां प्रस्तुत है।

17. मैनें उभयपक्ष के विद्वान प्रतिनिधिगण की बहस सुनी तथा पत्रावली का सम्यक अवलोकन किया। याची पक्ष की तरफ से लिखित बहस भी प्रस्तुत हैं।

18. प्रार्थी पक्ष की तरफ से अपने समर्थन में निम्न विधिक दशष्टान्त प्रस्तुत किये गये है :–

(1) 1984 (1) एस.सी.सी पृष्ठ –509, गैमन इण्डिया लिमिटेड – अपीलार्थीगण बनाम निरन्जन दास – प्रत्यर्थीगण।

(2) 1984 (सप्ली.) एस.सी.सी पश्ष्ठ–428, हरी मोहन रस्तोगी– अपीलार्थी बनाम लेबर कोर्ट और अन्य–प्रत्यर्थीगण।

(3) 1994 डब्ल्यू.एल.आर. पृष्ठ–875, गिरीश कुमार जैन– अपीलार्थीगण बनाम यूनियन ऑफ इण्डिया– प्रत्यर्थीगण।

(4) 1989 (1) आर.एल.आर. पृष्ठ–156, यशवन्त सिंह– अपीलार्थी बनाम स्टेट ऑफ राजस्थान – प्रत्यर्थीगण।

(5) 1983 एफ.जे.आर. पृष्ठ–271, डी.के. यादव – अपीलार्थीगण बनाम जे. एम.ए. इण्डिया लिमिटेड – प्रत्यर्थीगण।

(6) 1981 (3) एस.सी.सी पृष्ठ–225, मोहन लाल– अपीलार्थी बनाम मेनेजमैन्ट ऑफ मैसर्स भारत इलेक्ट्रिक लिमिटेड – प्रत्यर्थीगण।

(7) 2015 (2) सुप्रीम टुडे पृष्ठ–166, जसमिर सिंह – अपीलार्थीगण बनाम स्टेट ऑफ हरियाणा – प्रत्यर्थीगण।

(8) 2 (जी) औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 ।

19. विपक्ष की तरफ से प्रस्तुत दृष्टान्त : –

(1) (2001) 7 एस.सी.सी पश्ष्ठ –1, स्टील ऑथरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड – अपीलार्थीगण बनाम नेशनल यूनियन वाटरफ्रान्ट वर्कर्स एवं अन्य– प्रत्यर्थीगण।

(2) (2004) 7 एस.सी.सी पृष्ठ–112, ए.उमरानी– अपीलार्थी बनाम रजिस्ट्रार, को ऑपरेटिव सोसायटीज और अन्य – प्रत्यर्थीगण।

(3) (2005) 1 एस.सी.सी पृष्ठ–639, महेन्द्र एल.जैन और अन्य–अपीलार्थीगण बनाम इन्दौर डेवलपमेंट अथारिटी और अन्य –प्रत्यर्थीगण

(4) (2005) 5 एस.सी.सी पृष्ठ–112, माध्यमिक शिक्षक परीषद्, यू.पी.–अपीलार्थी बनाम अनिल कुमार मिश्रा और अन्य–प्रत्यर्थीगण

(5) (2006) 1 एस.सी.सी पृष्ठ–667, स्टेट ऑफ यू.पी.–अपीलार्थी बनाम नीरज अवस्थी और अन्य–प्रत्यर्थीगण

(6) (2008) 2 एस.सी.सी पृष्ठ–552, चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवँ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय – अपीलार्थी बनाम यूनाइटेड़ ट्रेड्स कांग्रेस और अन्य– प्रत्यर्थीगण

20. प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता ने बहस की है कि विपक्षी संस्थान में प्रार्थी की नियुक्ति अस्थायी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में हुई थी और प्रारम्भिक रूप में ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' में लगाया गया था जिसकी सेवायें समय–समय पर विस्तारित की गयी और ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' की समाप्ति के बाद भी प्रार्थी ने 28.11.2003 तक काम किया परन्तु प्रार्थी की सेवा नियमित नहीं की गयी। यह भी कहा है कि प्रार्थी को प्रयोगशाला सहायक के पद पर कार्य कराया गया तथा उस पर संस्था के निर्देशक तथा रजिस्ट्रार का सीधा नियन्त्रण था तथा उस पर किसी ठेकेदार का कभी नियन्त्रण नहीं था न ही वह ठेकेदार का कर्मचारी था। यह बहस भी की गयी है कि सेवासमाप्ति के पूर्व प्रार्थी को न कोई नोटिस दी गयी न नोटिस के बदले कोई भुगतान किया गया और न ही छंटनी मुआवजा अदा किया गया। इस प्रकार प्रार्थी की सेवामुक्ति धारा 25 (एफ) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के उल्लंघन में की गयी। यह भी कहा गया है कि सेवामुक्ति के पूर्व कोई वरिष्ठता सूची नहीं बनायी गयी इसलिये नियम 77 का उल्लंघन किया गया तथा प्रार्थी के साथ धारा 2(आरए) के अन्तर्गत परिभाषित अनुचित श्रम व्यवहार किया गया इसलिए प्रबन्धन अनुचित श्रम व्यवहार का भी दोषी है।

21. विपक्षीगण के विद्वान प्रतिनिधि की तरफ से यह बहस की गयी है कि प्रार्थी श्री रमेश सैनी विपक्षीगण के कर्मचारी नहीं थे, न तो विपक्ष द्वारा प्रार्थी को कोई नियुक्ति–पत्र जारी किया गया और न हीं सेवामुक्त किया गया, इसलिये विपक्षीगण द्वारा औद्योगिक विवाद अधिनियम की किसी भी प्राविधान का उल्लंघन नहीं किया गया है। यह भी कहा गया है कि प्रार्थी की संस्थान में नियुक्ति के सम्बन्ध में न कोई विज्ञापन निर्गत किया गया और न हीं किसी चयन प्रकिया का अनुसरण किया गया अतः प्रार्थी का यह कहना पूर्णतया गलत है कि उसकी नियुक्ति अस्थायी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में संस्थान में की गयी। यह बहस भी की गयी है कि विपक्षी के संस्थान में प्रार्थी की सेवायें ठेकेदार के माध्यम से केवल ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के उद्देश्य से ली गयी थी और प्राजेक्ट के अस्तित्व में बने रहने तक सीमित थी और प्रोजेक्ट की समाप्ति के बाद प्रार्थी की सेवायें उसके आगे विस्तारित की जानी विधिक रूप से अनुमन्य नहीं थी। इसके विरूद्ध प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि की तरफ से यह बहस की गयी है कि ठेकेदार के जरिये प्रार्थी की सेवायें विपक्षी संस्थान को उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में कोई प्रलेखीय या मौखिक साक्ष्य पत्रावली पर नहीं है।

22. पक्षकारों के अभिवचनों तथा प्रस्तुत बहस से निम्न विवाद्यक निस्तारण हेतु अवतरित होता है :–

1 क्या प्रार्थी की विपक्षी संस्थान में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में नियुक्ति की गयी या विपक्ष द्वारा संस्थान में प्रार्थी की सेवायें ठेकेदार के माध्यम से ली जाती थी जो ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' की अवधि तक सीमित थी ?

23. प्रार्थी के विद्वान प्रतिनिधि द्वारा न्यायाधिकरण का ध्यान कोआर्डिनेटर ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के आदेश दिनांक 1.6.95 (प्रदर्श W/1) की तरफ आकृष्ट कर यह बहस की गयी कि प्रदर्श W/1 प्रार्थी की नियुक्ति पत्र है। विपक्षी साक्षी श्री सवाई सिंह के समक्ष भी प्रतिपरीक्षा में प्रदर्श W/1 को रखकर सवाल पूछे गये है जिसके सम्बन्ध में उन्होने कहा है कि यह सही है कि प्रदर्श W/1 एम.एन.आई.टी. जयपुर द्वारा निर्गत किया गया है और यह आदेश श्री रमेश सैनी की नियुक्ति से भी सम्बन्धित है। प्रदर्श W/1 के अवलोकन से यह प्रकट है कि 1 जनवरी, 1995 के आदेश प्रदर्श W/1 के माध्यम से 2 व्यक्तियों को कोआर्डिनेटर ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' द्वारा विशुद्ध रूप से अस्थायी आधार पर ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के लिए कार्य पर लगाया (engage) गया है। इन दोनों व्यक्तियों में क्रमांक 2 पर श्री रमेश सैनी प्रार्थी को रूपया 832/ पर रखा गया है और ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' की कम्प्यूटर स्ट्रीम में लगाया गया है और श्री संतोष कुमार सक्सेना को इलेक्ट्रानिक स्ट्रीम में लगाया गया है। श्री संतोष

कुमार सक्सेना को आदेश प्रदर्श W/1 उनके एम.एन.आई.टी. परिसर में स्थित आवास संख्या एस–25 पर भेजा गया है। श्री संतोष कुमार सक्सेना के लिए भी पारिश्रमिक 832/– रूपया ही है। श्री संतोष कुमार सक्सेना को याची पक्ष द्वारा साक्ष्य में नहीं प्रस्तुत किया गया है जिससे प्रार्थी के कथन को समर्थन मिले कि याची तथा श्री संतोष कुमार को विपक्ष द्वारा कोई नियुक्ति दी गयी। श्री सवाई सिंह ने यह नहीं कहा है कि प्रदर्श W/1 नियुक्ति पत्र है बल्कि सिर्फ यह कहा है कि प्रदर्श W/1 प्रार्थी की नियुक्ति से भी सम्बन्धित है। उक्त स्थिति से यह स्वतः स्पष्ट है कि प्रदर्श W/1 नियुक्ति पत्र नहीं है बल्कि कार्य आवंटन आदेश है जिसे प्रार्थी द्वारा नियुक्ति पत्र कहा गया है। इसी सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि स्वंय प्रार्थी ने प्रतिपरीक्षा में यह कहा है कि यह सही है कि उसकी वेतन 832/ रूपये एकमुश्त निर्धारित थी तथा उसकी नियुक्ति के पूर्व कोई विज्ञप्ति अखबार में नहीं निकाली गयी थी, न उसकी लिखित परीक्षा हुई थी न उसका साक्षात्कार हुआ था। यह भी कहा है कि उसका सिर्फ बायोडाटा लिया गया था तथा उसे जब भी लगाया गया "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" के पद पर कार्य पर लगाया गया तथा उसको नियुक्ति पत्र दिये गये थे और नियुक्ति पत्र छः माह की अवधि के लिए दिये जाते थे। आगे साक्षी ने स्वंय यह उल्लेख किया है कि सन् 1999 में जो उसे नियुक्ति पत्र मिला था वह आगामी आदेश (till further order) तक के लिए था। प्रदर्श W/4 मे साक्षी ने अंकित तथ्य को स्वीकार किया है जो निम्नवत हैः–

PROJECT IMPACT (COMPUTER STREAM)

NO. Dated : 21-2-97

NOTICE

The Project Impact is going to end on 31.3.1997. As such notice is hereby given to the following faculty and supporting staff who have been recruited on contract basis for the duration of the Project Impact that their services will stand terminated on the expiry of the Project Impact i.e. on 31.3.1997 :-

Faculty members :

1. Shri V.K. Jain, Reader

2. Shri P.K. Agrawal, Lecturer,

Supporting Staff:

1. Shri Sanjay Bhaskar, Computer Operator.

2. Shri Vinod Dialani, Computer Operator.

3. Shri Ramesh Saini, Class-IV

Sd/-

(S.C. Agrawal)

Coordinator,

Copy to the following for information and further necessary action :-

1. The Principal, MERC, Jaipur.

2. The Dy. Registrar (Accounts) MRCCE, Jaipur.

3. Faculty members/Supporting Staff Concerned. Sh Ramesh Saini

Signature

Coordinator.

24. दिनांक 21.2.1997 के आदेश द्वारा 31.3.97 को प्रार्थी की सेवा अनुबन्ध के अनुसार स्वतः समाप्त हो जानी थी लेकिन 31.3.97 के आदेश (प्रदर्श W/5) से दिनांक 30.9.97 तक सेवा पुनः विस्तारित की गयी। दिनांक 3.10.97 के आदेश (प्रदर्श W/6) से प्रार्थी की सेवा का विस्तार 31 मार्च 1998 तक किया गया, दिनांक 1.4.99 के आदेश (प्रदर्श W/8) से सेवा का विस्तार 30.9.99 तक किया गया और दिनांक 1.5.99/28.9.99 के आदेश से सेवा का विस्तार आगामी आदेश तक कर दिया गया लेकिन सेवा की शर्तें आदेश दिनांक 3.10.97 के शर्तों पर ही आधारित रखी गयी। उक्त स्थिति में सेवा विस्तार की स्थिति को समझने के लिए प्रदर्श W/6, प्रदर्श W/8 और प्रदर्श W/9 का उल्लेख किया जाना प्रासंगिक है जो निम्नवतः है :–

PROJECT IMPACT (COMPUTER STREAM)-'SSS'

NO. IMPACT/ECC/26/97/ Dated : 03-10-97

ORDER

Shri Ramesh Saini whose date of birth is 5-7-75 is appointed as Class IV Purely on ad hoc temporary basis in the project IMPACT (Computer Streem)- 'SSS' on a consolidated salary of Rs. 850.00 PM/- period of six months i.e. upto 31st March, 1998.

His services can be terminated at any time by one month's notice in writing either by employee to the Coordinator or by the Coordinator to the employee or on recovery of month's pay in lieu thereof of the pay for the period by which one month's notice falls shor

His appointment is subject to the following conditions : -

(a) He should join his appointment latest by 05-10-97 falling which the appointment order is liable to be cancelled without notice.

(b) In addition to the normal duties of his post he will discharge other duties as assigned to him by the Coordinator from time to time.

(c) He will be governed by the rules of the project IMPACT- 'SSS' as framed form time to time.

(d) If the above terms and conditions are acceptable to him he may sign the second copy in token of acceptance and return the same to the Coordinator, project IMPACT, Department of Computer Engineering, M.R. Engineering College, Jaipur-302017.

Chief Coordinator

project IMPACT(Computer Stream)- 'SSS'

Above terms and conditions accepted

Signature

Copy forwarded to the following for information & necessary action

1. Principal

2. Registrar

3. Dy. Registrar (A/c) with one spare copy.

4. Ramesh Saini

PROJECT IMPACT (COMPUTER STREAM)- 'SSS'

MALAVIYA REGIONAL ENGINEERING COLLEGE CAMPUS, JAIPUR

NO. IMPACT/ECC/ Dated : 01-04-99

ORDER

Service of the following staff appointed on contract basis under the project is extended for six months w.e.f. 01-04-99 to 30-09-99 under the sustainability support scheme of the project.

1. Sh.Ramesh Saini Lab attendant

Other terms and conditions of their appointment remain unchanged.

(Prof.S.C. Agrawal)

Chief Coordinator

Project IMPACT

Copy to:

1. Principal

2. D.R. A/cs

3. Ramesh Saini

PROJECT IMPACT (COMPUTER STREAM)-SSS' (sustainability support scheme)

MALAVIYA REGIONAL ENGINEERING COLLEGE CAMPUS, JAIPUR

NO. IMPACT/ECC/ Dated : 1st May, 1999

28/9/99

OFFICE ORDER

In partial modification of order No. IMPACT/ECC dated 1st April, 1999, the engagement of Shri Ramesh Saini appointed on contract basis under the above Project is extended till further orders. This is under the 'Sustainability Support Scheme of Project' and the incumbent will not have any claim on the appointment in the MREC. Other terms and Conditions will remain the same as notified vide order NO. IMPACT/ECC/26/97/Dated 03-10-97. He will be given a consolidated Salary of Rs. 3500/- Per Month, w.e.f. 01.05.99.

(S.C. Agrawal)

Chief Coordinator

Project IMPACT

Copy to:

1. Principal for his kind information.

2. Registrar

3. Dy. Registrar (A/c) with one spare copy.

4. Ramesh Saini

25. प्रदर्श W/9 द्वारा प्रार्थी को कार्य का विस्तार आगामी आदेश तक किया गया जो प्रदर्श W/6 दिनांकित 3.10.97 में दी गयी शर्तों के अधीन थी और केवल "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" के अस्तित्व में रहने तक ही प्रार्थी सेवार्थ अनुबन्धित था और "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" के समाप्त होने के साथ प्रार्थी की सेवा समाप्त हो जानी थी एवं प्रार्थी द्वारा की गयी सेवा के आधार पर उसे संस्थान में सेवा पाने का कोई हक प्रदत्त नहीं था जिसका उल्लेख सम्बन्धित आदेशों में है। इन शर्तों को प्रार्थी ने स्वीकार भी किया है जिसका उल्लेख 3.10.97 के आदेश में हैं। प्रार्थी ने मौखिक साक्ष्य में स्वंय उल्लेख किया है कि सन् 99 में उसे जो नियुक्ति पत्र दिया गया था उसके द्वारा उसे (till further order) तक के लिए लगाया गया था। प्रदर्श W/9 उक्त आदेश है जिसका उल्लेख प्रार्थी ने किया है। इसी आदेश में यह भी कहा गया है कि प्रार्थी को MREC में उक्त प्रोजेक्ट में कार्य करने के कारण नियुक्ति का कोई हक नहीं होगा। प्रार्थी का बहस में यह कहना कि उसे "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" की समाप्ति के बाद भी संस्थान के कार्य में रखा गया इस बहस को समर्थन देने के लिए कोई प्रलेखीय साक्ष्य पत्रावली पर प्रार्थी ने प्रस्तुत नहीं किया है। प्रार्थी ने मौखिक प्रतिपरीक्षा में यह कहा है कि "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" सन् 2000 में खत्म हुआ है, विपक्षी साक्षी ने 2003 में समाप्त होना कहा है परन्तु यह तथ्य निर्विवाद है कि "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" समाप्त हो चुका है क्योंकि स्वंय प्रार्थी द्वारा इस बात का उल्लेख बहस में किया गया है तथा याचिका के प्रस्तर दो में भी कहा गया है। प्रार्थी का यह कहना गलत साबित होता है कि "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" समाप्त होने के बाद भी उससे कार्य लिया जाता रहा है क्योंकि प्रार्थी को किया गया अन्तिम भुगतान रू. 3500/ का है जो "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" की एकमुश्त राशि है और 1.9.99/28.9.99 के आदेश के अनुकूल धनराशि है उक्त व्याख्या और विश्लेषण के आधार पर मैं इस निष्कर्ष पर हूँ कि प्रार्थी की सेवा केवल "प्रोजेक्ट इम्पैक्ट" के अस्तित्व तक सीमित थी तथा पत्रावली पर ऐसा कोई साक्ष्य नहीं है जिससे इस अवधारणा को ग्रहण करने के लिए बल मिले कि विपक्ष को अपने यहाँ प्रार्थी को सेवा में बनाये का कोई दायित्व था।

26. जहां तक इस बिन्दु के निराकरण का प्रश्न है कि प्रार्थी ठेकेदार के माध्यम से संस्थान की सेवा में था या संस्थान ने प्रार्थी की नियुक्ति की थी, इस

सन्दर्भ में उल्लेखनीय है कि विपक्ष का कथन है कि प्रार्थी ठेकेदार के माध्यम से विपक्ष के सेवार्थ अनुबन्ध पर था तथा प्रार्थी का कथन है कि वह ठेकेदार के माध्यम से नहीं नियुक्त था। इस तथ्य को सिद्ध करने का भार प्रार्थी पर है कि वह सकारात्मक साक्ष्य से सिद्ध करे कि संस्थान ने उसकी नियुक्ति की है और विपक्ष की कमजोरियों से प्रार्थी को कोई लाभ नहीं मिल सकता है।

27. मालवीय राष्ट्रीय प्रोद्योगिक संस्थान, जयपुर द्वारा प्रार्थी को कोई नियुक्ति दी गयी इसका समर्थन स्वयं प्रार्थी के साक्ष्य से नहीं होता है। उक्त संस्थान भारत सरकार का एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है जिसमें हर पद पर नियुक्ति हेतु एक प्रक्रिया निर्धारित है। प्रतिपरीक्षा में याची ने स्वयं स्वीकार किया है एवं कहा है कि जब उसको नियुक्ति दी गयी उसके पहले अखबार में कोई विज्ञापन नहीं निकाला गया था, न प्रार्थी की कोई लिखित परीक्षा हुई थी न साक्षात्कार हुआ था, उससे केवल बायो–डाटा लिया गया था। यह भी स्वीकार किया है कि जब भी उसे ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के कार्य पर लगाया गया उसे नियुक्ति पत्र दिया गया जो विभिन्न अवधि से सम्बन्धित है। जिन आदेशों को प्रार्थी नियुक्ति पत्र कह रहा है वह सभी आदेश ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' में प्रार्थी की अनुबन्ध पर सेवा के विस्तार का उल्लेख करते हैं। प्रथम आदेश जिसको याची पक्ष के विद्वान प्रतिनिधि ने नियुक्ति पत्र कहा है वह किसी भी दृष्टिकोण से नियुक्ति पत्र नहीं हो सकता है। वह एक कार्य आवंटन आदेश है जिसमें दो व्यक्तियों को ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' में दो अलग–2 स्ट्रीम में काम आवंटित किया गया है। प्रदर्श W/4 आदेश में अंकित इबारत को प्रार्थी ने प्रतिपरीक्षा में स्वीकार किया है जिसमें कहा गया है ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' की समाप्ति पर दिनांक 31.3.97 को प्रार्थी की सेवाएं समाप्त हो जायेगी। प्रोजेक्ट जारी रहने पर 31.3.97 के बाद भी प्रार्थी की सेवा का विस्तार किया गया है। प्रदर्श W/6 तथा प्रदर्श W/9 की शर्तों को भी प्रार्थी ने प्रतिपरीक्षा में स्वीकार किया है। प्रार्थी ने यह भी स्वीकार किया है कि उसे जब भी लगाया गया ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के ही लिये लगाया गया। प्रार्थी ने कहा है कि वर्ष 2000 में ही ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' समाप्त हो गया परन्तु यह उसका कथन मात्र है इस सम्बन्ध में कोई उल्लेख याचिका में नहीं है कि प्रोजेक्ट 2000 में समाप्त हुआ न कोई प्रलेखीय साक्ष्य प्रार्थी ने पत्रावली पर प्रस्तुत किया है। प्रतिपरीक्षा में प्रार्थी ने कहा है कि ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' की समाप्ति के बाद वह निर्देशक के कार्यालय में कार्यरत रहा परन्तु ऐसा कोई लिखित आदेश उसने नहीं प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने कहा है कि यह सही नहीं है कि उसकी सेवा के विस्तार के सम्बन्ध में जितने आदेश हुए सभी ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' से ही सम्बन्धित थे परन्तु प्रार्थी का ऐसा कहना गलत है क्योंकि सभी आदेश जो पत्रावली पर प्रदर्श W/1 लगायत प्रदर्श W/9 प्रस्तुत है वह सभी ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' से ही सम्बन्धित है। उक्त स्थिति से यह स्पष्ट है कि प्रार्थी को संस्थान द्वारा न कोई नियुक्ति पत्र दिया गया न कोई नियुक्त हेतु विज्ञापन किया गया, न कोई परीक्षा अथवा साक्षात्कार हुआ।

28. इस सम्बन्ध में विपक्षी साक्षी सवाईसिंह के साक्ष्य से जहॉ तक प्रार्थी को मदद मिलने का प्रश्न है सवाईसिंह ने कहा है कि प्रदर्श W/1 श्री रमेश सैनी की नियुक्ति से सम्बन्धित है परन्तु उल्लेखनीय है कि सवाईसिंह के कहने से प्रदर्श W/1 को नियुक्ति पत्र की संज्ञा नहीं दी जा सकती है जैसा कि उपर इस सम्बन्ध में विस्तृत उल्लेख किया जा चुका है।

29. ठेकेदार के माध्यम से प्रार्थी की नियुक्ति से सम्बन्धित टेण्डर विपक्ष द्वारा पत्रावली पर नहीं प्रस्तुत किया गया है इस तथ्य को विपक्षी साक्षी ने पृष्ठ एक पर प्रतिपरीक्षा में स्वीकार किया है परन्तु विपक्ष की केवल इस कमी के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता है कि प्रार्थी की नियुक्ति संस्थान ने की है क्योंकि इस सम्बन्ध में कोई प्रक्रिया ही नहीं अपनायी गयी एवं प्रार्थी का इस सम्बन्ध में कोई सकारात्मक प्रलेखीय या मौखिक साक्ष्य भी पत्रावली पर नहीं है। अगर कोई प्रक्रिया नहीं अपनायी गयी तो प्रार्थी कैसे अस्तित्व में आ गया। प्रार्थी की तरफ से प्रदर्श W/11 के अतिरिक्त, जो अन्तिम माह का चेक द्वारा भुगतान है, कोई अन्य भुगतान विवरण पत्रावली पर नहीं प्रस्तुत किया गया है जिससे इस बात का पता चले कि भुगतान ठेकेदार ने किया है या संस्थान ने किया है। पेज 2 और 3 पर याची को प्रतिपरीक्षा में सुझाव दिया गया है कि वर्ष 95 से वेतन के मद में उसे जो भुगतान दिया जा रहा था वह रिद्धकरण एण्ड सन्स द्वारा दिया जा रहा था और कुछ अवधि तक बीच में उसे भुगतान त्रिलोक सोल्जर्स द्वारा दिया जा रहा था जिसे प्रार्थी ने इन्कार किया है और कहा है कि उसे भुगतान चेक द्वारा दिया जाता था। यह भी कहा है कि उसे भुगतान 99 से 2003 तक चेक द्वारा होता था जिस पर रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर होते थे परन्तु भुगतान स्टेटमेन्ट से सम्बन्धित आदेश या अभिलेख उसकी तरफ से पेश नहीं हुआ है।

30. विपक्ष की तरफ से अलग–अलग दो अनुबन्ध मैसर्स रिद्धकरण सिंह एण्ड सन्स तथा कुल सचिव के बीच अन्य कार्यों सहित कर्मचारी उपलब्ध कराने के अनुबन्ध क्रमशः सन् 1996 एवं 1998 के प्रस्तुत है लेकिन इससे वर्तमान मामले में मदद नही ली जा सकती है। मैसर्स रिद्धकरण सिंह एण्ड सन्स को ठेके पर कार्यों तथा कर्मचारियों के भुगतान से सम्बन्धित वर्ष 1995 एवं 1996 मे संस्थान द्वारा दिये गये चेक का विवरण पत्रावली पर उपलब्ध है जिससे यह जाहिर है कि प्रार्थी की जून 95 में सेवा में उसके प्रवेश के समय भी ठेके पर कर्मचारियों की सेवा लेने का कार्य अस्तित्व में था परन्तु निर्विवाद रूप से इससे यह नहीं कहा जा सकता है कि इसमें प्रार्थी के भुगतान का विवरण शामिल है। प्रार्थी ने 1995 से 2003 तक के बीच प्रदर्श W/11 के अतिरिक्त भुगतान का कोई विवरण नहीं प्रस्तुत किया है जिससे जाहिर हो कि उसे संस्थान भुगतान करता था।

31. श्री ओम प्रकाश ठेकेदार को निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र का उल्लेख सवाई सिंह की प्रतिपरीक्षा में किया गया है। प्रमाण–पत्र निर्गत होने की तिथि 25.9.2000 है जिससे यह जाहिर है कि वह साफ–सफाई के कार्य से जुड़े कर्मियों के अतिरिक्त चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, कनिष्क लिपिक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा एन्ट्री आपरेटर आदि कर्मचारियों को ठेके पर संस्थान को विगत डेढ़ साल से उपलब्ध कराते रहे हैं। इनके पूर्व ठेका मैसर्स रिद्धकरण सिंह एण्ड सन्स का रहा है। सवाईसिंह के समक्ष प्रतिपरीक्षा में मैसर्स रिद्धकरण सिंह एण्ड सन्स के ठेके को रखकर यह प्रश्न रखा गया है कि उक्त ठेका 8.4.96 को हुआ और श्री रमेश सैनी 01.06.95 को नियुक्त हुए तो वह ठेके के अधीन कैसे आये ? जिसके उत्तर में उन्होंने कहा है कि सन् 1995 की सम्बन्धित अवधि का अनुबन्ध पत्रावली पर नहीं प्रस्तुत हो सका है परन्तु नियुक्ति की कार्यवाही

पहले से ठेकेदार के माध्यम से चल रही है। सन् 1995 में अनुबन्ध से सम्बन्धित भुगतान मैसर्स रिद्धकरण सिंह एण्ड सन्स को किया गया है जिसके चेक भुगतान के दो वाउचर पत्रावली पर उपलब्ध है जिसमें एक चेक संख्या 648437 दिनांकित 8.9.95 रुपया 15,398 तथा चेक संख्या 648328 दिनांकित 25.7.95 रुपया 17,421 से सम्बन्धित है। सन् 1995, 1996 तथा अन्य वर्षों के अन्य कई चेक भी संलग्न हैं। इससे इस तथ्य को बल मिलता है कि सन् 1995 में भी ठेके पर कार्य–सम्पन्न और कर्मचारी उपलब्ध कराने की व्यवस्था विद्यमान थी तथा इन सारी परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर यह सुरक्षित निष्कर्ष निकलता है कि श्री सुरेश सैनी भी ठेके के आधार पर प्रोजेक्ट इम्पैक्ट में अस्तित्व में आये है क्योंकि प्रबन्धन द्वारा उन्हें नियुक्त करने में किसी प्रकार का कदम न उठाने का तथ्य उन्होनें स्वयं स्वीकार किया है। प्रार्थी पक्ष द्वारा इस बिन्दु पर कोई स्पष्टीकरण नहीं है कि जब दैनिक वेतन भोगी, अस्थायी या तदर्थ नियुक्ति की ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' ने प्रक्रिया शुरू नहीं की तो फिर ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के सम्पर्क में प्रार्थी कैसे आये? इस आधार पर भी विपक्ष के कथन को बल मिलता है कि प्रार्थी की ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' से सम्बद्धता ठेकेदार के माध्यम से हुई है।

32. उक्त व्याख्या एवं विश्लेषण से मैं इस निष्कर्ष पर हूँ कि यह तथ्य बिल्कुल निर्विवाद है कि प्रार्थी की सम्बद्धता केवल ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के लिए थी और प्रोजेक्ट के अस्तित्व में रहने तक सीमित थी। प्रार्थी यह तथ्य सिद्ध करने में असफल है कि उसकी नियुक्ति संस्थान द्वारा की गयी थी क्योंकि प्रदर्श W/1 नियुक्ति पत्र नहीं है तथा प्रार्थी के मामले में विपक्ष ने कोई नियुक्ति प्रक्रिया नहीं अपनायी थी। प्रार्थी द्वारा विधिक रूप से अनुमन्य न कोई नियुक्ति पत्र प्रस्तुत किया गया है और नही कोई सेवा मुक्ति आदेश प्रस्तुत किया गया हैं। पत्रावली पर उपलब्ध तथ्य एवं परिस्थिति से ठेकेदार के माध्यम से प्रार्थी की सेवा विपक्ष को मिलने का समर्थन मिलता है।

33. जहां तक विपक्ष द्वारा प्रार्थी को सेवामुक्त करने में धारा 25 (एफ) के प्राविधान के उल्लंघन तथा उससे प्रार्थी को मिलने वाले लाभ का प्रश्न है उभयपक्ष द्वारा अपने–अपने कथन के समर्थन में विभिन्न विधिक दृष्टान्त प्रस्तुत किये गये है जिसका उल्लेख उपर किया गया है। धारा 25 (एफ) के उल्लंघन का लाभ पाने के लिए यह आवश्यक है कि प्रार्थी यह सिद्ध करे कि उसकी सेवामुक्ति धारा 25 (00) में परिभाषित ''छटनी'' की परिभाषा से आच्छादित है जो निम्नवत् है :–

''छटनी''' से नियोजक द्वारा किसी कर्मकार की सेवा का ऐसा पर्यवसान अभिप्रेत है, जो अनुशासन सम्बंधी कार्यवाही के रूप में दिए गए दंड से भिन्न किसी भी कारण से किया गया हो, किन्तु इसके अन्तर्गत निम्नलिखित नहीं आते :–

(क) कर्मकार की स्वेच्छया निवृति, अथवा

(ख) अधिवार्षिकी आयु का हो जाने पर कर्मकार की उस दशा में निवृत्ति जिसमें नियोजक और संयुक्त कर्मकार के बीच हुई किसी नियोजन संविदा में उस निमित्त कोई अनुबन्ध अन्तर्विष्ट हो, अथवा

(खख) नियोजक और सम्पृक्त कर्मकार के बीच हुई नियोजन संविदा के समाप्त हो जाने पर उसका नवीकरण न किए जाने या नियोजन संविदा में उस निमित्त अन्तर्विष्ट किसी अनुबन्ध के अधीन ऐसी संविदा का पर्यवसान किए जाने के फलस्वरूप किसी कर्मकार की सेवा का पर्यवसान।

(ग) इस आधार पर कर्मकार की सेवा का पर्यवसान कि उसका स्वास्थ्य बराबर खराब रहा है।

34. प्रार्थी की नियुक्ति के सम्बन्ध में की गयी उपरोक्त व्याख्या व विश्लेषण से यह प्रकट है कि प्रार्थी की सेवा अनुबन्ध पर आधारित थी जो ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के उद्देश्य हेतु थी और उसका विस्तार विपक्ष द्वारा ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के समाप्त होने के कारण आगे जारी नहीं रखा गया क्योंकि प्रार्थी की सेवा केवल ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के कार्यकाल तक सीमित थी अतः प्रार्थी पर धारा 2 (OO) (bb) के प्राविधान लागू होते है। प्रार्थी तद्नुसार छंटनी की परिभाषा से आच्छादित नहीं है और धारा 25 एफ का लाभ पाने का हकदार नहीं है। इस सम्बन्ध में AIR 2004 S.C. page 4839, Exeutive Engineer, Z.P. Engg. Division v/s. Digambara Rao में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दी गयी विधि व्यवस्था उल्लेखनीय है जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह अवधारित किया है कि जहां एक विशिष्ट स्कीम में पेयजल और निर्माण की सेवा प्रदान करने के लिए कर्मकार की नियुक्ति की गयी थी और उसकी सेवाएं स्कीम की समाप्ति के साथ समाप्त कर दी गयी, ऐसे कर्मकार के सम्बन्ध में यह नहीं कहा जा सकता है कि उसे सेवा में नियमितिकरण अथवा धारा 25 एफ का लाभ मांगने का अधिकार है।

35. प्रार्थी की तरफ से प्रस्तुत दृष्टान्त 1984 (1) एस.सी.सी. पृष्ठ –509, गैमन इण्डिया लिमिटेड – अपीलार्थीगण बनाम निरन्जन दास – प्रत्यर्थीगण में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह अवधारित किया है कि धारा 2 (OO) के प्राविधान (a) (b) (c) की परिधि में न आने वाली सेवा समाप्ति छंटनी है। गैमन इन्डिया लिमिटेड–अपीलार्थी बनाम.....निरंजन दास.....प्रत्यर्थी में प्रत्यर्थी निरन्जनदास की नियुक्ति दिनांक 10.9.62 के आदेश से अपीलार्थी द्वारा वरिष्ठ क्लर्क के रूप में की गयी थी। 14.9.67 की नोटिस द्वारा प्रत्यर्थी की सेवा यह कहकर समाप्त कर दी गयी कि कम्पनी के कार्य की मात्रा में कमी के कारण मन्दी आ गयी है अतः 14.10.67 के बाद कम्पनी को प्रार्थी के सेवा की आवश्यकता नहीं रहेगी। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया कि भविष्य में कम्पनी के किसी कार्यस्थल पर यदि कोई कार्य देना सम्भव हुआ तो प्रत्यर्थी को नया अवसर प्रदान किया जायेगा। कम्पनी द्वारा प्रत्यर्थी को नोटिस में उसके द्वारा कम्पनी में की गयी सेवाओं के लिए धन्यवाद भी दिया गया। प्रत्यर्थी द्वारा उठाये गये औद्योगिक विवाद में विवाद्यक यह था कि क्या प्रत्यर्थी की छंटनी अनुचित एंव अवैधानिक है, यदि हां तो किस निर्देश की आवश्यकता है? औद्योगिक न्यायाधिकरण ने छंटनी अनुचित एवं अवैध अवधारित की और यह घोषणात्मक अनुतोष प्रदान की कि जब तक विधिक रूप से प्रत्यर्थी की छंटनी नहीं की जाती वह वेतन सहित सेवा में माना जायेगा। औद्योगिक न्यायाधिकरण के एवार्ड के विरूद्ध सिविल रिट याचिका माननीय एकलपीठ द्वारा स्वीकार की गयी और यह अवधारित किया गया कि प्रत्यर्थी की सेवा समाप्ति धारा 25 एफएफएफ के प्राविधान से नियन्त्रित होगी क्योंकि उनकी सेवामुक्ति कम्पनी की बन्दी के परिणामस्वरूप हुई जिसमें सेवामुक्ति के पूर्व क्षतिपूर्ति की अदायगी

आवश्यक नहीं है तथा इस कारण प्रत्यर्थी की सेवामुक्ति वैध है। माननीय एकल पीठ द्वारा औद्योगिक न्यायाधिकरण का पंचाट निरस्त कर पत्रावली पीठ द्वारा पुनः पंचाट पारित करने हेतु इस निर्देश के साथ प्रत्यावर्तित की गयी कि औद्योगिक न्यायाधिकरण यह निर्णित करे कि माननीय एकल पीठ द्वारा अपने निर्णय में दिये गये मार्गदर्शन के अनुसार किस निर्देश की आवश्यकता है। प्रत्यर्थी द्वारा माननीय एकल पीठ के निर्णय के विरूद्ध प्रस्तुत लेटर्स पेटेन्ट अपील में माननीय खण्डपीठ ने अपील स्वीकार की और यह अवधारित किया कि सरकार द्वारा प्रेषित रिफरेन्स में ही यह स्पष्ट किया गया था कि सेवामुक्ति छंटनी थी और औद्योगिक न्यायाधिकरण को यह विचारण करना था कि छंटनी अनुचित या अवैधानिक थी, अतः एकलपीठ को रिफरेन्स का आधार बदलने की छूट नहीं थी कि मामला 25–एफएफएफ के अधीन ''औद्योगिक उपक्रम की बन्दी'' का था। माननीय खण्डपीठ के निर्णय के विरूद्ध अपील में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष यह प्रश्न विचारणीय था कि क्या माननीय एकलपीठ द्वारा औद्योगिक न्यायाधिकरण के निर्णय में हस्तक्षेप न्यायसंगत था कि मामला 25–एफएफएफ द्वारा आच्छादित ''औद्योगिक उपक्रम की बन्दी'' का था या औद्योगिक न्यायाधिकरण यह अवधारित करने में सही था कि ''छंटनी'' धारा 25–एफ के प्राविधान से आच्छादित थी। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय के प्रस्तर दो पेज 511 में यह प्रेक्षण किया है कि उक्त प्रश्न का उत्तर मात्र रेफरेन्स के अवलोकन से दिया जा सकता है जिसमें कहीं इस बात की सुगबुगाहट भी नहीं है कि कम्पनी का दिल्ली कार्यालय बन्द होने जा रहा है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपील स्वीकार की तथा औद्योगिक न्यायाधिकरण के निर्णय की पुष्टि की। निर्णय के प्रस्तर दो में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह अवधारित किया है, ".....on a true construction of the notice, it would appear that the respondent had become surplus on account of reduction in volume of work and that constitutes Retrenchment even in the traditional sense of the term ……..।

36. वर्तमान मामले के तथ्य एवं परिस्थितियों तथा गैमन इन्डिया लिमिटेड के तथ्य एवं परिस्थितियों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि दोनों में कोई साम्यता नहीं है तथा रमेश सैनी के मामले में उक्त दृष्टान्त से कोई मदद नहीं ली जा सकती है क्योंकि श्री रमेश सैनी का मामला धारा 2 (oo)(bb) से आच्छादित है।

37. मोहनलाल –अपीलार्थी बनामकृकृ मैनेजमेन्ट ऑफ मैसर्स भारत इलेक्ट्रिानिक्स लिमिटेड ....प्रत्यर्थी में अपीलार्थी मोहनलाल, प्रत्यर्थी, मैसर्स भारत इलैक्ट्रिानिक्स लिमिटेड में अस्थायी सेल्समैन के पद पर दिनांक 08.12.73 से 520 रूपये मासिक वेतन पर नियुक्त था। अपीलार्थी की सेवा दिनांक 12.10.74 के पत्र द्वारा दिनांक 19.10.74 से अचानक एवं अप्रत्याशित रूप से समाप्त कर दी गयी। औद्योगिक विवाद में यह प्रश्न उठा कि क्या अपीलार्थी की सेवा समाप्ति विधि विरूद्ध एवं अनुचित है, यदि हां तो अपीलार्थी किस अनुतोष का हकदार है तथा इस सम्बन्ध में क्या निर्देश आवश्यक है? प्रत्यर्थी के कथनानुसार अपीलार्थी प्रारम्भिक रूप में अपीलार्थी छः माह की परिवीक्षा पर नियुक्त था तथा परिवीक्षा की अवधि 8.9.74 तक विस्तारित थी तथा विस्तारित परिवीक्षा के बाद अयोग्यता के आधार पर अपीलार्थी की सेवा समाप्त की गयी। विद्वान श्रम न्यायालय ने यह पाया कि नियुक्ति पत्र में परिवीक्षा का कोई उल्लेख नहीं था। अपीलार्थी नियुक्ति आदेश के बाद पारित आदेश से प्रथम 6 माह की परिवीक्षा पर तथा बाद में विस्तारित परिवीक्षा आदेश के आधार पर 8.9.74 तक परिवीक्षा पर था तथा अयोग्यता के आधार पर पश्चातवर्ती परिवीक्षा आदेश के दौरान अपीलार्थी की सेवा समाप्त की गयी। तद्नुसार विद्वान श्रम न्यायालय ने यह अवधारित किया कि अपीलार्थी की सेवा समाप्ति धारा 2 (00) सपठित धारा 25 एफ के अनुसार छंटनी से परिभाषित नहीं है अतः सेवासमाप्ति न गलत है न अनुचित है न अवैध है। श्रम न्यायालय के निर्णय के विरूद्ध अपील माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने स्वीकार की। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह पाया कि श्रम न्यायालय का निष्कर्ष गलत था कि अपीलार्थी की सेवासमाप्ति परिवीक्षा की अवधि में थी इसलिए सेवामुक्ति आदेश से धारा 2 (00) सपठित धारा 25एफ का उल्लंघन नहीं हुआ। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एक मात्र यह प्रश्न विचारणीय था कि प्रत्यर्थी द्वारा प्रस्तुत कथन के आधार पर क्या अपीलार्थी की सेवासमाप्ति का आदेश छंटनी की परिभाषा से आच्छादित है? निर्णय के प्रस्तर 5 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह अवधारित किया है, ".....The service of the appellant was terminated with effect from October 19, 1974. What was the nature and character of service of the appellant from September 8, 1974 when the extended period of probation expired and termination of his service on October 19, 1974? He was unquestionably not on probation. He was either temporary or permanent but not a probationer. How is it open then to the Labour Court to record a finding that the service of the appellant was terminated during the period of probation on account of his unsatisfactory work which did not improve in spite of repeated warnings? The Labour Court concluded that notwithstanding the fact that the appellant was not shown to have been placed on probation in the initial appointment letter but in view of the subsequent orders there was a period of probation prescribed for the appellant and that his service was terminated during the extended period of probation. This is gross error apparent on the face of the record which, if not interfered with, would result in miscarriage of justice.

38. हरिमोहन रस्तोगी –अपीलार्थी बनाम श्रम न्यायालय एवं अन्य–– प्रत्यर्थीगण में अपीलार्थी उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत परिषद में सब स्टेशन सहायक के रूप में पुनः नियुक्त होकर दिनांक 4.12.1968 से कार्यरत था। शहर प्रभारी, लखनऊ के रूप में कार्यरत रहने के दौरान 31.12.67 को उसकी सेवाएं समाप्त कर दी गयी थी। मोहनलाल –अपीलार्थी बनाम .... मैसर्स भारत इलैक्ट्रानिक्स लिमिटेड .....प्रत्यर्थी के निर्णय को दृष्टिगत रख माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपीलार्थी को विगत वेतन सहित सेवा में पुनर्स्थापित होने का आदेश दिया।

39. मोहनलाल तथा हरिमोहन रस्तोगी के मामले से प्रार्थी के मामले में कोई मदद नहीं ली जा सकती है क्योंकि इन दोनों मामलों में अपीलार्थीगण

एवं प्रत्यर्थीगण के बीच परस्पर नियोक्ता एवं कर्मकार होने तथा प्रार्थीगण को नियुक्ति देने और प्रार्थीगण के कार्य के स्वरूप के सम्बन्ध में कोई विवाद नहीं था जबकि वर्तमान मामले में प्रार्थी यह नहीं सिद्ध कर सका है कि उसे संस्थान द्वारा नियुक्ति दी गयी है। विपक्ष द्वारा नियुक्ति के तथ्य से स्पष्ट इन्कार किया गया है और कहा गया है कि संविदा के आधार पर प्रार्थी ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' के लिए ठेकेदार के जरिये सम्बद्ध था तथा उसकी सम्बद्धता ''प्रोजेक्ट इम्पैक्ट'' तक ही सीमित थी।

40. यशवन्त सिंह यादव के मामले में याची ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 226 के अन्तर्गत अपने नियुक्ति–पत्र के साथ माननीय उच्च न्यायालय में याचिका इस कथन के साथ प्रस्तुत किया कि वह आयुर्वेदिक औषधालय, मयूरवेरा, अलवर में दैनिक वेतन–भोगी, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में दिनांक 28.11.85 को नियुक्त किया गया और इस नियुक्ति की अवधि 53 दिन की थी। बाद में दिनांक 28.1.86 के आदेश से उसकी नियुक्ति अवधि को विस्तरित किया गया और दिनांक 25.4.86 के आदेश से उसकी सेवा को आगामी आदेश तक विस्तरित किया गया। इस प्रकार उसने 13.8.87 तक उक्त औषधालय में कार्य किया। आगे याची ने उल्लेख किया कि अचानक उसकी सेवा दिनांक 13.8.87 के क्रमशः प्रत्यार्थी 2 एवं 3 के आदेश से समाप्त कर दी गयी तथा दोनों प्रत्यार्थीगण द्वारा पारित सेवा समाप्ति सम्बन्धित आदेश दिनांक 13.8.87 के ही थे। याची ने सेवा विस्तार सम्बन्धित आदेश दिनांक 28.1.86 और 25.4.86 एवं सेवा समाप्ति सम्बन्धित दोनों आदेश रिट याचिका के साथ संलग्न किये।

याची ने सेवा समाप्ति के दोनों आदेशों को इस आधार पर चुनौती दी थी कि औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 के अन्तर्गत वह ''कर्मकार'' तथा औषधालय ''उद्योग'' की परिभाषा से आच्छादित था और सेवा समाप्ति आदेश दिनांक 13.6.87 के ठीक पूर्व 12 कलेण्डर महीनों में उसने लगातार 240 दिन से ज्यादा अवधि तक सेवा की, इसलिए उसको सेवा समाप्ति ''छटनी'' की श्रेणी में परिभाषित है लेकिन उसकी छटनी धारा 25 (एफ) के आज्ञापक निर्देशों का पालन किये बिना की गयी। उसे न नोटिस दी गयी या नोटिस के बदले वेतन दिया गया और न ही क्षतिपूर्ति दी गयी जैसा कि धारा 25 एफ में प्राविधानित है अतः उसकी '' छटनी'' अवैध है। उसने याचना की कि सेवा समाप्ति सम्बन्धि दोनों आदेश निरस्त किये जाय तथा पिछले सम्पूर्ण वेतन के साथ उसे सेवा में वापस लिया जाय। याची ने यह भी याचना की, कि उससे एक नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का कार्य लिया जाता था लेकिन उसे केवल दैनिक मजदूरी दी जाती थी जो एक नियमित कर्मचारी के वेतन से काफी कम है अतः प्रत्यर्थीगण को नियमित कर्मचारी का वेतन देने के लिए भी निर्देशित किया जाय।

प्रत्यर्थीगण ने याचिका का विरोध करते हुए अपने कथन में याची की अंशकालीन दैनिक वेतन भोगी चतुर्थ श्रेणी कर्मी के रूप में नियुक्ति स्वीकार की और कहा कि याची की पूर्णकालीन नियुक्ति नहीं थी। यह भी कहा गया कि चूँकि वह अंशकालिक नियुक्ति पर था इसलिए ''कर्मकार'' की परिभाषा आच्छादित नहीं था जैसा कि औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 में परिभाषित है। इसलिए धारा 25 (एफ) के प्राविधान के पालन की आवश्यकता नहीं थी, अतः याचिका पोषणीय नहीं हैं।

प्रत्यर्थीगण की तरफ से इस बिन्दु पर कोई बचाव नहीं रखा गया कि औषधालय ''उद्योग'' की परिभाषा से आच्छादित नहीं है। माननीय उच्च न्यायालय की खण्डपीठ ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न दृष्टान्तों का उल्लेख करते हुए अवधारित किया की औषधालय ''उद्योग'' की परिभाषा से आच्छादित है।

माननीय उच्च न्यायालय के समक्ष इस मामले में यह प्रश्न विचारणीय था कि क्या अंशकालिन कर्मचारी धारा 2 (एस) में वर्णित ''कर्मकार'' की परिभाषा से आच्छादित है ? इस मामले में यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि माननीय उच्च न्यायालय ने निर्णय के प्रस्तर 5 में विशिष्ट रूप से उल्लेख किया है कि पक्षकारों के बीच नियुक्ति की तिथि और सेवा समाप्ति की तिथि, नियुक्ति पत्र जारी होने तथा सेवा समाप्ति के आदेश जारी होने के बिन्दु पर तथा सेवा समाप्ति की तिथि तक कर्मचारी के कार्यरत रहने के तथ्य पर उभयपक्ष के बीच कोई विवाद नहीं था। यद्यपि सेवा की क्रमबद्धता प्रभावित थी लेकिन यह तथ्य महत्वपूर्ण था कि सेवा समाप्ति के दिन तक वह कार्यरत था। इस बात पर भी विवाद नहीं था कि धारा 25 (एफ) के अनुपालन में नोटिस अथवा वेतन या क्षतिपूर्ति नहीं दी गयी थी। इस प्रकार माननीय उच्च न्यायालय ने यह कहा कि कर्मचारी ने धारा 25 (एफ) के अनुरूप लगातार काम किया था अतः यह अवधारित किया कि प्रत्यर्थीगण द्वारा धारा 25 (एफ) का उल्लंघन किया गया था। अतः ''छटनी'' अवैध थी और सेवा समाप्ति का आदेश तद्नुसार निरस्त होने योग्य था।

जहॉ तक ''कर्मकार'' की परिभाषा से याची के आच्छादित होने का प्रश्न है माननीय उच्च न्यायालय ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय और विभिन्न उच्च न्यायालयों द्वारा दृष्टान्तों में प्रदत्त विधि व्यवस्थाओं को उद्धृत करते हुए यह अवधारित किया कि याची ''कर्मकार'' की परिभाषा से आच्छादित था यद्यपि वह अंशकालीन कर्मचारी था। माननीय उच्च न्यायालय ने तद्नुसार रिट याचिका स्वीकार की तथा पिछले 50 प्रतिशत वेतन के साथ अंशकालीन कर्मचारी के रूप में ही पद स्थापित करते का निर्देश दिया परन्तु नियमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में वेतन दिये जाने सम्बन्धित अनुतोष के लिए याचिका अस्वीकार की। नियुक्ति पत्र का अभाव एवॅ अन्य परिस्थितियों को दृष्टिगत रख मैं इस निष्कर्ष पर हूँ कि यह दृष्टान्त शंकरलाल के वर्तमान मामले में केवल उसके ''कर्मकार'' होने के सम्बन्ध में लागू होता है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दृष्टान्त में दी गयी विधि– व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए अवधारित किया जाता है कि प्रार्थी ''कर्मकार'' है।

